# भारत-नेपाल विद्युत समझौता

## प्रिलिम्स के लिये:

भारत-नेपाल शक्ति समझौता, 1950 की भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि, सूर्य किरण, महाकाली संधि, कालापानी-लिम्पियाधुरा-लिपुलेख ट्राइजंक्शन।

## मेन्स के लिये:

भारत और नेपाल के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्र, भारत-नेपाल संबंधों के लिये प्रमुख चुनौतियाँ।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

भारत और नेपाल ने हाल ही में **विद्युत निर्यात** के लिये एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। **नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक के दौरान** दोनों देशों के बीच मज़बूत होते संबंधों पर प्रकाश डालते हुए इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गए।

## नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की मुख्य बातें क्या हैं?

- **विद्युत निर्यात समझौता:** भारत और नेपाल ने अगले **10 वर्षों में 10,000 मेगावाट विद्युत के निर्यात** के लिये द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- **सीमा पार ट्रांसमिशन लाइनों का उद्घाटन:** तीन क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइनों का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया, जिसमें 132 केवी **रक्सौल-परवानीपुर,** 132 केवी **कुशहा-कटैया** और **न्यू नौतनवा-मैनहिया** लाइनें शामिल हैं।
- **नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग:** नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग के लिये **नेपाल विद्युत प्राधिकरण और भारत के नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के बीच **एक समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding - MoU)** पर हस्ताक्षर किये गए।
- **उपग्रह सेवा हेतु समझौता: नेपाल एकेडमी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी** और न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के बीच नेपाल एकेडमी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विकसित **मुनाल सैटेलाइट** के लिये सेवा समझौता लॉन्च किया गया।
    - नेपाली छात्रों द्वारा विकसित यह उपग्रह भारतीय प्रक्षेपण रॉकेट पर निःशुल्क प्रक्षेपित किया जाएगा।

## भारत और नेपाल के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्र कौन-से हैं ?

- **परिचय:**
    - करीबी पड़ोसियों के रूप में **भारत और नेपाल मित्रता एवं सहयोग के अनूठे संबंधों को साझा करते** हैं, जिसकी विशेषता **एक खुली सीमा,** दोनों देशों के लोगों के बीच रिश्तेदारी तथा मज़बूत सांस्कृतिक संबंध है।
    - नेपाल पाँच भारतीय राज्यों- **सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश** और **उत्तराखंड** के साथ 1850 किमी. से अधिक की सीमा साझा करता है।
        - **वर्ष 1950 की शांति और मित्रता की भारत-नेपाल संधि** भारत एवं नेपाल के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है। सीमा पार लोगों की मुक्त आवाजाही की लंबी परंपरा रही है।
- **आर्थिक सहयोग:** भारत **नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार** तथा **विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत** है, इसके अतिरिक्त भारत नेपाल के तीसरे देश के साथ व्यापार के लिये पारगमन सुविधा प्रदान करता है।
    - **नेपाल के व्यापारिक व्यापार में** लगभग **दो-तिहाई तथा सेवाओं के व्यापार में लगभग एक-तिहाई योगदान** भारत का है।
        - हाल ही में भारत और नेपाल पारगमन संधि (Treaty of Transit) तथा **व्यापार संधि** की समीक्षा करने, मौजूदा समझौतों में प्रस्तावित संशोधन, निवेश बढ़ाने की रणनीतियों, मानकों के सामंजस्य एवं व्यापार हेतु बुनियादी ढाँचे के समकालिक विकास पर सहमत हुए।
- **रक्षा सहयोग:** भारत रक्षा संबंधी उपकरण आपूर्ति तथा प्रशिक्षण प्रावधानों के माध्यम से नेपाल सेना के आधुनिकीकरण प्रयासों में सहायता कर रहा है।

- बटालियन स्तर पर संयुक्त सैन्य अभ्यास, **'सूर्य किरण'**, भारत तथा नेपाल दोनों देशों में क्रमिक आधार आयोजित किया जाता है। वर्ष 2023 में यह **उत्तराखंड के पिथौरागढ़** में आयोजित किया गया था।

- **सांस्कृतिक सहयोग:**
  - **नेपाल में स्थित भारतीय दूतावास** ने **लुंबिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट तथा लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय** के सहयोग से दिसंबर 2023 में लुंबिनी में प्रथम **भारत-नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव** का आयोजन किया।
    - इस महोत्सव में **बौद्ध धर्म पर ध्यान केंद्रित करते हुए** भारत तथा नेपाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं का प्रदर्शन किया गया।
- **जल बँटवारा: कोशी समझौता (1954, वर्ष 1966 में संशोधित) तथा गंडक समझौता (1959, वर्ष 1964 में संशोधित) जल संसाधन क्षेत्र में भारत-नेपाल सहयोग को बढ़ावा देने वाले प्रारंभिक महत्त्वपूर्ण समझौते थे।**
  - एक अन्य महत्त्वपूर्ण समझौता, **महाकाली संधि (1996)** था जिसके तहत दोनों देशों के लिये महाकाली नदी के जल का उचित उपयोग सुनिश्चित किया गया।
- **कनेक्टिविटी:** भारत तराई क्षेत्र में **10 सड़कों को उन्नत करके**, **जोगबनी-विराटनगर** तथा **जयनगर-बर्दीबास** में सीमा पार रेल संपर्क स्थापित करके एवं **बीरगंज, विराटनगर, भैरहवा व नेपालगंज** जैसे प्रमुख स्थानों पर एकीकृत चेक पोस्ट स्थापित करके नेपाल की मुख्य रूप से सहायता की।
  - इसके अतिरिक्त भारत ने वर्ष 2021 में नेपाल को लगभग 2200 MU विद्युत का निर्यात किया।




## भारत-नेपाल संबंधों के लिये प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं?

- **सीमा विवाद:** सीमा विवाद के परिणामस्वरूप वर्तमान में भारत-नेपाल संबंधों में तनाव बढ़ गया है जिसमें विशेष रूप से **पश्चिमी नेपाल में कालापानी-लिपियाधुरा-लिपुलेख ट्राइजंक्शन क्षेत्र और दक्षिणी नेपाल में सुस्ता क्षेत्र** शामिल हैं।
- **चीन का विस्तारित क्षेत्र:** बुनियादी ढाँचे, औद्योगीकरण, मानव संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जल संसाधन के क्षेत्र में चीन ने नेपाल को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की है। चीन और नेपाल के बीच बढ़ते सहयोग से चीन तथा भारत के बीच एक बफर राज्य के रूप में नेपाल की स्थिति खतरे में पड़ सकती है।
  - परंपरागत रूप से भारतीय सेना में शामिल **गोरखा भारत की नई अग्निवीर योजना** पर चिंताओं के कारण **चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (PLA)** में शामिल हो सकते हैं।

## आगे की राह

- **तात्कालिक चिंताओं को संबोधित करना:** विश्वास एवं सद्भावना का निर्माण करने के लिये अग्निवीर योजना से संबंधित तत्काल चिंताओं को दूर करने को प्राथमिकता देना।
    - साझा विकास की भावना को बढ़ावा देते हुए, **सीमावर्ती क्षेत्रों के लाभ के लिये संयुक्त परियोजनाएँ** विकसित करना।
- **कूटनीतिक संवाद: सीमा विवाद तथा अन्य विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिये** निरंतर और खुली कूटनीतिक चर्चा में शामिल होना।
- **ट्रैक-II कूटनीति: भारत-नेपाल सहयोग को एक नया आकार प्रदान करने के लिये गैर-सरकारी संस्थाओं, शिक्षाविदों एवं नागरिक समाज को शामिल करते हुए ट्रैक-II कूटनीति को प्रोत्साहित करना।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2016)**

**समाचारों में कभी-कभी उल्लिखित समुदाय :**

1- कुर्द : बांग्लादेश
2- मधेसी : नेपाल
3- रोहिंग्या : म्याँमार

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-nepal-power-pact